EditorsBreaking

ताज़ा समाचार और नवीनतम अपडेट

ग्वालियर

प्लायवुड कंपनी एलक्जिर में श्रमकि की मौत

प्रकाशति तथिः 20 Sep 2026



ग्वालयिर। मालनपुर स्थति प्लायवुड कंपनी एलक्जिर में एक श्रमकि की मौत हो गई। श्रमकि को समय पर प्राथमकि चकित्सिा सहायता मलि जाती तो नश्चिति तौर पर उसकी जान बचाई जा सकती थी। श्रमकि की मौत को लेकर अन्य श्रमकिों में आक्रोश हैं।

जानकारी के मुताबकि झांसी नविासी नारायणदास पुत्र घनश्याम दास उम्र 50 मालनपुर में गत वर्ष बनी प्लायवुड कंपनी एलक्जिर में कार्य करता था। 12 सतिंबर की सायं चप्सि साइलो के पास फैक्ट्री में काम करते समय नारायण दास की अचानक तबयित खराब हो गई और वह कार्यस्थल पर गरि गये। इस दौरान फैक्ट्री प्रबंधन से न तो उन्हें चकित्सिा सहायता मलिी और न ही प्राथमकि उपचार दयिा गया। जब अन्य साथी श्रमकिों ने हो हल्ला मचाया तब उन्हें फैक्ट्री प्रबंधन बमुश्कलि बड़िला अस्पताल ग्वालयिर ले गया,

जहां उपचार के दौरान नारायण दास की मौत हो गई।

फैक्ट्री प्रबंधन की लापरवाही

इधर नाराज श्रमिकों का कहना है कि प्लायवुड फैक्ट्री एलक्जिर प्रबंधन ने मामले में लापरवाही बरती, उन्हें प्राथमिक चिकित्सा सहायता ही उपलब्ध नहीं कराई गई। फैक्ट्री प्रबंधन में प्राथमिक उपचार की कोई व्यवस्था ही नहीं थी।

मामला दबाने का प्रयास

प्लायवुड कंपनी एलक्जिर प्रबंधन अब श्रमिक नारायणदास की मौत के मामले को दबाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने मामले की सूचना मालनपुर पुलिस व वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को भी नहीं दी है, जिससे प्लायवुड कंपनी एलक्जिर के श्रमिकों में भारी आक्रोश है। उन्होंने इस मामले को मुख्य सचिव, श्रम मंत्री व मुख्यमंत्री के संज्ञान में भेजा हैं।

प्रबंधन का दावा

इधर प्लायवुड कंपनी एलक्जिर के मुख्य कर्ताधर्ता रमन पोददार का कहना है कि श्रमिक नारायण दास कार्य करते समय बेहोश हो गया था। पहले हम उसे राइजिंग हास्पीटल मालनपुर व फिर बड़िला अस्पताल ग्वालियर ले गये थे, लेकिन उसको ब्रेन हेमरेज हो गया था। पोददार ने बताया कि नारायण दास कान्ट्रेक्ट लेबर में था, इसलिये उसकी पूरी जिम्मेदारी लेबर कान्ट्रेक्टर कंपनी गायत्री की थी और मृतक श्रमिक के हित लाभ दिलाने की जिम्मेदारी लेबर कान्ट्रेक्ट कंपनी की हैं। पोददार ने यह भी कहा कि कंपनी में हम पूरी सुरक्षा ऐहतियात बरतते हैं।

टैग: #plywood company elixir #malanpur news